Series : KN5ML

**SET-1**

प्रश्न-पत्र कोड **4/5/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

{}

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***16*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***चार*** *खंड हैं –* ***क, ख, ग*** *और* ***घ*** *।*

*(iii)* ***खंड-क*** *में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खंड-ख*** *में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खंड-ग*** *में पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित प्रश्न हैं ।*

*(vi)* ***खंड-घ*** *में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न हैं ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि कुछ खंडों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

*(viii)* *दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(ix)* *यथासंभव* ***सभी*** *खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – क

## (अपठित बोध) **14**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

कृत्रिम वर्षा या क्लाउड सीडिंग आधुनिक विज्ञान की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है जिसके माध्यम से बादलों से इच्छानुसार वर्षा कराई जा सकती है । इस तकनीक में सिल्वर आयोडाइड या ठोस आइस जैसे रसायनों को बादलों के बहाव के साथ फैला दिया जाता है । जहाँ बारिश करानी होती है वहाँ पर हवा की विपरीत दिशा में इसका छिड़काव किया जाता है । ये रसायन बादलों में मौजूद जलवाष्प के कणों को संघनित (और घना) करने में सहायता करते हैं, जिससे बूँदें बनती हैं और वर्षा होती है । यह प्रक्रिया विशेष रूप से सुसज्जित विमानों या ज़मीन से दागे जाने वाले रॉकेटों के माध्यम से संपन्न की जाती है ।

कृत्रिम वर्षा की आवश्यकता मुख्यतः उन क्षेत्रों में होती है जहाँ सूखा पड़ता है, जल संकट होता है या कृषि के लिए पर्याप्त वर्षा नहीं होती । संयुक्त अरब अमीरात, चीन, भारत और अमेरिका जैसे देश इस तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं । यह तकनीक वायु प्रदूषण को कम करने, जंगल की आग बुझाने और बाँधों में जलस्तर बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हुई है । कहाँ और किस बादल पर इसे छिड़कने से बारिश की संभावना ज़्यादा होगी, इसका निर्णय मौसम वैज्ञानिक करते हैं । इसके लिए मौसम के आँकड़ों का सहारा लिया जाता है ।

कृत्रिम वर्षा के कुछ दुष्प्रभाव भी हैं । अत्यधिक रसायनों के प्रयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो सकता है और मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है । इसके अतिरिक्त यह तकनीक अत्यंत महँगी और इसकी सफलता की दर 10 से 30 प्रतिशत तक होती है । कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि यह प्राकृतिक जल चक्र को भी बाधित कर सकती है । फिर भी, जलवायु परिवर्तन के इस युग में कृत्रिम वर्षा जल संकट के समाधान का एक महत्त्वपूर्ण विकल्प बनती जा रही है । आवश्यकता इसके समझदारपूर्ण उपयोग की है ।

(i) कृत्रिम वर्षा में प्रयुक्त रसायनों का मुख्य कार्य क्या है ? **1**

(A) बादलों को एकत्रित करना

(B) जलवाष्प के कणों को घना करना

(C) हवा की गति को नियंत्रित करना

(D) तापमान को नियंत्रित करना

(ii) कृत्रिम वर्षा के दुष्प्रभावों के विषय में निम्नलिखित में से कौन से / सा कथन सही हैं / है ? **1**

(1) इससे पर्यावरण प्रदूषित हो सकता है ।

(2) मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ जाती है ।

(3) जलवायु परिवर्तन को प्रभावित करती है ।

(A) केवल (1) सही है ।

(B) केवल (3) सही है ।

(C) (2) और (3) सही हैं ।

(D) (1) और (3) सही हैं ।

(iii) कृत्रिम वर्षा का नकारात्मक पहलू क्या है ? 1

(A) इसके लिए अधिक ऊर्जा चाहिए ।

(B) इसके लिए संसाधन चाहिए ।

(C) यह प्राकृतिक जल चक्र को प्रभावित कर सकती है ।

(D) इसके लिए तकनीक की आवश्यकता होती है ।

(iv) कृत्रिम वर्षा की आवश्यकता किन परिस्थितियों में होती है ? 2

(v) जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में कृत्रिम वर्षा का क्या महत्त्व है ? 2

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

विटामिन–डी एक ऐसा पोषक तत्त्व है, जिसे अकसर 'सनशाइन विटामिन' भी कहा जाता है, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से सूर्य की रोशनी से प्राप्त होता है । हमारे शरीर में यह विटामिन हड्डियों को मज़बूत बनाने, कैल्सियम और फॉस्फोरस के संतुलन को बनाए रखने तथा प्रतिरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है । हाल के वर्षों में दुनिया-भर में विटामिन–डी की कमी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभर कर सामने आई है । आधुनिक जीवन–शैली, प्रदूषण और दफ़्तर तथा घर के भीतर लगातार रहने के कारण बहुत से लोगों में इस विटामिन की कमी हो रही है । यह कमी न केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती है, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी इसके दूरगामी प्रभाव देखने को मिलते हैं । सूर्य की किरणें हमारे स्वास्थ्य के लिए एक अनमोल उपहार है, लेकिन आज के समय में लोग कम्प्यूटर, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ इतने व्यस्त हो गए हैं कि वे बाहरी वातावरण में निकलने का समय ही नहीं निकाल पाते । परिणामस्वरूप उन्हें सूर्य की किरणों का लाभ नहीं मिल पाता । हमारे शरीर को आवश्यक मात्रा में यह विटामिन प्राप्त करने के लिए सूर्य की रोशनी के साथ–साथ संतुलित आहार भी उतना ही अहम् है ।

(i) गद्यांश के अनुसार आधुनिक जीवन-शैली का कौन सा दुष्प्रभाव स्वास्थ्य पर प्रमुख रूप से दिखाई दे रहा है ? **1**

(A) शरीर में विटामिन डी की कमी (B) मानसिक तनाव में वृद्धि

(C) शरीर के पाचन तंत्र पर प्रभाव (D) शारीरिक विकास पर दुष्प्रभाव

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए : **1**

कथन : विटामिन-डी को 'सनशाइन विटामिन' भी कहा जाता है ।

कारण : यह प्राकृतिक रूप से सूर्य की रोशनी से प्राप्त होता है ।

विकल्प :

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है ।

(C) कथन गलत है, किन्तु कारण सही है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(iii) निम्नलिखित में से मानव शरीर में विटामिन-डी की कोई भूमिका **नहीं** होती ? **1**

(A) हड्डियों को मज़बूत करना (B) प्रदूषक तत्त्वों का अवशोषण

(C) कैल्सियम-फॉस्फोरस का संतुलन (D) प्रतिरक्षा प्रणाली की सुदृढ़ता

(iv) विटामिन-डी किन-किन स्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है ? **2**

(v) विटामिन-डी की कमी के प्रमुख कारण लिखिए । **2**

~~

## खंड – ख

### (व्यावहारिक व्याकरण) 16

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) अभियान पूरा करने वाले सभी कल वापस लौट रहे हैं । – वाक्य में से सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए ।

(ii) हेडमास्टर शर्मा जी अपने दफ़्तर में आज थोड़ा जल्दी आ गए थे । – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

(iii) उसका आत्मीय स्वभाव सबको बहुत प्रभावित करता था । – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

(iv) मुसीबत में वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता था । – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए ।

(v) वे एक संवेदनशील और भावुक कवि थे । – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-रूपांतरण' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) यहाँ कोई गैर आदमी नहीं है इसलिए आप राज़ेदिल कह दें । – रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए ।

(ii) हम ओठों से प्याला लगाकर एक-एक बूँद चाय पीते रहे । – संयुक्त वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए ।

(iii) सूरज ढलने के बाद आँगन के पेड़ों से पत्ते मत तोड़ो । – मिश्र वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए ।

(iv) शेख अयाज़ ने अपनी आत्मकथा में इस घटना का उल्लेख किया है । – रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए ।

(v) गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा । सरल वाक्य में रूपांतरित करके लिखिए ।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$4 \times 1 = 4$**

(i) 'कर्मधारय समास' की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण लिखिए ।

(ii) 'दोपहर' द्विगु समास का उदाहरण है, कैसे ?

(iii) दीया-बत्ती के वक्त फूलों को मत तोड़ो, फूल बद्दुआ देते हैं । रेखांकित का समास-विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए ।

(iv) 'महान हैं जो देवी' के लिए समस्तपद लिखिए और भेद का नाम बताइए ।

(v) 'विचाराधीन' समस्तपद समास के किस भेद का उदाहरण है ?

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$4 \times 1 = 4$**

(i) 'रंग दिखाना' और 'रंग चढ़ना' – अर्थ लिखकर इन दोनों मुहावरों का अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ii) पुजारी जी की बातें सुनकर महंत जी के _______ गए । – रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त मुहावरे से कीजिए ।

(iii) 'जी-जान से जुट जाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए और मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(iv) 'पूरी तरह समाप्त कर देना' – अर्थ को व्यक्त करने वाला उपयुक्त मुहावरा लिखिए ।

(v) 'रंगे हाथ पकड़ना' मुहावरे का वाक्य में इस तरह प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए ।

## खंड – ग

### (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 28

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

किस्सा क्या हुआ था उसको उसके पद से हटाने के बाद हमने वज़ीर अली को बनारस पहुँचा दिया और तीन लाख रुपया सालाना वजीफ़ा मुकर्रर कर दिया । कुछ महीने बाद गवर्नर जनरल ने उसे कलकत्ता (कोलकाता) तलब किया । वज़ीर अली कंपनी के वकील के पास गया जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है । वकील ने शिकायत की परवाह नहीं की उलटा उसे बुरा-भला सुना दिया । वज़ीर अली के तो दिल में यूँ भी अंग्रेज़ों के खिलाफ नफ़रत कूट-कूटकर भरी है उसने खंजर से वकील का काम-तमाम कर दिया ।

(i) वकील ने वज़ीर अली की शिकायत की परवाह क्यों नहीं की ?

(A) उसके लिए कंपनी का हित सर्वोपरि था ।

(B) उसकी वज़ीर अली से पहले ही आपसी रंजिश थी ।

(C) वकील को सारी बातें पहले से मालूम थीं ।

(D) वज़ीर अली द्वारा की गई शिकायत गलत थी ।

(ii) गद्यांश में किसे उसके पद से हटाए जाने का उल्लेख है ?

(A) कंपनी का वकील

(B) गवर्नल जनरल

(C) सआदत अली

(D) वज़ीर अली

(iii) वज़ीर अली को तीन लाख का वज़ीफा क्यों दिया गया ?

(A) अंग्रेज़ों को सुरक्षा देने के बदले

(B) अवध का तख़्त छोड़ने के बदले

(C) बनारस में रहने के खर्च के लिए

(D) किसी और से संधि न करने के बदले

(iv) वज़ीर अली द्वारा वकील का काम-तमाम कर देना उसकी किस विशेषता को **नहीं** दर्शाता है ?

(A) अन्याय का विरोध

(B) उसकी आपराधिक प्रवृत्ति

(C) उसका निडर अंदाज़

(D) साहस और बहादुरी

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

कथन : वज़ीर अली को अंग्रेज़ों से दिली घृणा थी ।

कारण : अंग्रेज़ों ने विदेशी होकर भी धोखे से उसकी सत्ता हथिया ली थी ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है ।

(B) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) तलवार की दैवीय शक्ति से परिचित होते हुए भी अपने क्रोध को शांत करने के लिए तताँरा द्वारा उसका प्रयोग किया गया । उसके प्रयोग को उचित या अनुचित मानते हुए 'तताँरा वामीरो कथा' के आधार पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'व्यवहारवादी लोग हमेशा सजग रहते हैं । हानि–लाभ का हिसाब लगाकर ही कदम उठाते हैं । 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक यहाँ किस 'सजगता' की बात कर रहा है ?

(iii) 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में लेखक ने मानवीय क्रियाकलापों और असंवेदनशीलता द्वारा पर्यावरण और प्रकृति को काफी नुकसान पहुँचने की बात की है ? क्या वर्तमान में इसे कम एवं नियंत्रित करना संभव है ? तर्कसम्मत उत्तर लिखिए ।

(iv) शैलेंद्र फ़िल्म की असफलता के खतरों को पहले से जानते थे फिर भी उन्होंने 'तीसरी कसम' फ़िल्म क्यों बनाई ? 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए ।

9. निम्नलिखित काव्यांश (दोहों) को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कर लिखिए : **5 × 1 = 5**

कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढै बन माँहि ।
ऐसैं घटि घटि राँम है, दुनियाँ देखै नाँहि ।।
बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ ।
राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बौरा होई ।।

(i) 'बौरा' किसे कहा गया है ?

(A) जो परमात्मा के प्रेम में डूबा है ।

(B) जो संसार के प्रेम में डूबा है ।

(C) जिसे किसी साँप ने डँस लिया हो ।

(D) जिसे सांसारिक प्रेम में निराशा मिली हो ।

(ii) 'ऐसैं घटि घटि राँम है' में 'घटि घटि' का **गलत** अर्थ है –

(A) जीव मात्र

(B) कण-कण

(C) हर जगह

(D) हर घड़ी

(iii) 'विरह भुवंगम तन बसै' का भाव है –

(A) भुजंग का तन में वास होना

(B) भुजंग से विरह की अनुभूति होना

(C) परमात्मा का तन से विरह होना

(D) परमात्मा से विरह की अनुभूति होना

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

कथन : परमात्मा प्रत्येक प्राणी के हृदय में निवास करता है।

कारण : सांसारिक मोह-माया में लिप्त प्राणी इस सत्य से सुपरिचित होता है।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

(v) 'राम वियोगी ना जिवै' का आशय है –

(A) राम का वियोगी स्वयं मृत्यु को प्राप्त हो जाता है।

(B) राम का वियोगी स्वयं मृत्यु का वरण कर लेता है।

(C) राम का वियोगी सांसारिक मोह-माया से मुक्त हो जाता है।

(D) राम से विरही व्यक्ति की स्थिति विक्षिप्तों जैसी हो जाती है।

10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) 'मनुष्यता' कविता में कवि ने गर्वरहित जीवन जीने की सलाह क्यों दी है ?

(ii) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर 'था इंद्र खेलता इंद्रजाल' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(iii) 'कर चले हम फ़िदा' कविता से सैनिक की किन विशेषताओं का पता चलता है ?

(iv) अपने जीवन के सुख के क्षणों में कवि की ईश्वर से क्या अपेक्षा है ? 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर लिखिए ।

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(i) 'सपनों के से दिन' के लेखक और उनके साथी द्वारा ओमा को अपना नेता मानने के क्या कारण थे ? क्या आप भी ओमा जैसे किसी को अपना आदर्श बनाना चाहेंगे ? तर्कसम्मत उत्तर लिखिए ।

(ii) अपनी माँ से लगाव और उनकी परवाह होने के बावजूद उनके द्वारा मना किए जाने पर भी टोपी ने इफ़्फ़न के घर जाना बंद क्यों नहीं किया ? 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए ।

(iii) 'हरिहर काका' कहानी में परिवार और ठाकुरबारी दोनों ने ही अपनी वास्तविक भूमिका का त्याग कर दिया था । यदि समाज में सचमुच ये दोनों अपने मूल दायित्व को छोड़ दें तो समाज पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा ?

## खंड – घ

### (रचनात्मक लेखन) 22

12. निम्नलिखित **तीन** विषयों में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5**

(i) वर्षा-ऋतु में होने वाले प्राकृतिक परिवर्तन

संकेत बिंदु :
- वर्षा-ऋतु से पूर्व प्रकृति
- आगमन से जीव-जगत पर प्रभाव
- प्राकृतिक सौंदर्य में वृद्धि

(ii) घनी आबादी के पास पार्कों की अनिवार्यता

संकेत बिंदु :
- शुद्ध हवा के संचारक
- बच्चों को खेलने की सुविधा
- प्रदूषण दूर करने में सहायक

(iii) समय प्रबंधन में छिपा है सफलता का राज़

संकेत बिंदु :
- समय प्रबंधन का अर्थ
- विद्यार्थियों पर इसका प्रभाव
- चुनौतियाँ एवं समाधान

13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए : **5**

(i) आप देविका/देव हैं । सार्वजनिक उत्सवों और समारोहों में भोजन की बरबादी एक आम समस्या है । इस समस्या की ओर जन-जागरूकता हेतु किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

(ii) आप देविका/देव हैं । अपने विद्यालय में व्यावसायिक (वोकेशनल) विषयों की नियमित कक्षाओं की व्यवस्था करवाने हेतु प्रधानाचार्य को निवेदन करते हुए पत्र लिखिए ।

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **60** शब्दों में सूचना लिखिए : **4**

(i) आपके विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन की ओर 'फास्ट फूड' के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए दो दिवसीय एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । इस विषय में सभी विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए ।

**अथवा**

(ii) आप 'कमला, निवासी कल्याण संघ' के अध्यक्ष प्रेरणा/प्रताप हैं । आपकी सोसायटी के बुजुर्गों को ऑनलाइन सेवाओं का प्रयोग कर लाभ उठाने के लिए पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । सोसायटी निवासियों को इसकी जानकारी देने के लिए एक सूचना लिखिए ।

15. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **40** शब्दों में विज्ञापन लिखिए : **3**

(i) प्राकृतिक सामग्री से हस्तनिर्मित आभूषण बनाने वाली कंपनी 'सज्जा' की ओर से अपने उत्पाद की जानकारी देने तथा बिक्री बढ़ाने हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(ii) 'रक्तदान महादान' रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

16. (i) राजभाषा हिंदी के उपयोग के लिए किशोरों को प्रेरित करने वाले कार्यक्रम प्रसारित करने का निवेदन करते हुए दूरदर्शन निदेशालय को लगभग **80** शब्दों में एक ई–मेल लिखिए । **5**

अथवा

(ii) 'वर्षा का मौसम था । सुबह के चार बजे होंगे । मैं अपने कमरे में दो दिन बाद होने वाली प्रवेश परीक्षा की तैयारियों में मगन थी/था । तभी ...' – पंक्ति को आधार बनाकर लगभग **100** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए ।

---